# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने चलाया 'एक पेड़ मां के नाम' एक दिवसीय विशेष वृक्षारोपण अभियान

आज दिनांक 17 सितंबर , 2024 को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के वॉलंटियर्स ने यूथ रेड क्रॉस , सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड व सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज प्रांगण में "एक पेड़ मां के नाम" विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया। इसका आयोजन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा व कॉलेज चेयरमैन श्री देवेंद्र गुप्ता एवं कार्याहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल दिशा – निर्देशन में किया गया। गौरतलब है कि भारत सरकार के पर्यावरण , वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा "एक पेड़ मां के नाम" एक दिवसीय विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाने का आह्वाहन किया गया। 8 अगस्त से सम्पूर्ण राष्ट्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिले के सभी स्कूल –कॉलेजो में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज डॉ. जयपाल सिंह एसोसिएट प्रोफेसर इतिहास, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड काउंसलर डॉ. देवेंद्र व यूथ रेडक्रॉस काउंसलर सुभाष कैलोरिया के नेतृत्व में कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण किया। विदित है कि विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के मौके पर भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 'एक पेड़ मां' के नाम अभियान की शुरुआत की थी। अग्रवाल कॉलेज ने हाल ही में वृक्षारोपण पखवाड़े का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों पेड़ लगाए गए।